# यूपी में जेके सीमेंट 1500, एचसीएल 500 करोड़ का निवेश और करेंगी

लखनऊ,विशेष संवाददाता। विभिन्न औद्योगिक समूहों ने शुक्रवार को यूपी सरकार के कामकाज की सराहना करते हुए निकट भविष्य में कई और परियोजनाओं को शुरू करने का ऐलान किया।

जेके सीमेंट यूपी में 1500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसमें 500 करोड़ मेडिकल क्षेत्र में और 1000 करोड़ शोध, शिक्षा और बिल्डिंग मैटेरियल निर्माण में निवेश किया जाएगा जबकि एचसीएल ने ऐलान किया कि वह 4200 करोड़ रुपये का निवेश आईटी सेक्टर में करेगी। इसमें 500 करोड़ रुपये का निवेश एचसीएल की लखनऊ यूनिट में होगा। इसमें 4500 लोगों को रोजगार मिलेगा। यमुना एक्सप्रेस में भी 3700 करोड़ का निवेश होगा। यह ग्लोबल जॉइंट वेंचर है। पहली बार यूपी में इस सेक्टर में निवेश आएगा। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अनुभव साझा करते हुए कहा कि राज्य ने पूरी तरह उन्हें सहयोग किया और उनकी समस्याओं का तेजी से निराकरण किया गया। मंच से खड़े होकर दुनिया के बड़े औद्योगिक समूहों ने इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया और भविष्य की योजनाओं का खुलासा किया।

## युवाओं की क्षमता को निखारेंगे: जेबी पार्क



सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, हम अपनी सीएसआर पहलों के तहत कौशल विकास के माध्यम से यूपी के युवाओं की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

## जितना मिलेगा उसका 10 गुना निवेश: अग्रवाल




गैलेंट इस्पात के चेयरमैन सीपी अग्रवाल ने कहा, गैलेंट ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार जितना भी पैसा देगी उसका 10 गुना हम उत्तर प्रदेश में निवेश करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है।

## ईज ऑफ डूइंग सीएम ने कर दिखाया: सिंहानिया



जेके सीमेंट के एमडी राघवपति सिंहानिया ने कहा कि जेके सीमेंट ने पिछले 6 साल में 3 सीमेंट यूनिटें लगाई हैं। तीसरी सीमेंट यूनिट 2024 में प्रयागराज में सिर्फ 9 महीने और 28 दिन में लगाई गई।

## सक्रियता यूपी को दूसरों से बेहतर बना रही: दनकर



एचसीएल के सीएफओ और प्रेसीडेंट पवन के. दनकर ने कहा, इस सरकार में जो चीज मुझे अलग दिखती है वो है सक्रियता। समस्या हर काम में आती है, लेकिन उसके समाधान करने का तरीका बहुत अद्भुत है।

## यूपी सरकार ने जो वादा किया वो निभाया: संदीप



बिरला कॉर्पोरेशन के एमडी संदीप घोष ने कहा, सीमेंट इंडस्ट्री में 10 गुना से ज्यादा लेबर जेनरेशन होता है। सिर्फ मैनपावर ही नहीं, स्किल डेवलपमेंट भी होता है। 5 साल में हमें 600 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिली है।

## देश की सबसे प्रगतिशील सरकार: शेनू अग्रवाल



अशोक लीलेंड के एमडी शेनू अग्रवाल ने कहा, यूपी सरकार देश की सबसे प्रगतिशील सरकार है। सरकार की सोच, जुनून, रफ्तार और लक्ष्य के प्रति समर्पण की तुलना किसी भी प्रदेश से करना नामुमकिन है।